डीएमएफ खरीदी जांच ने पकड़ी रफ्तार

बरका कॉलेज में 97 लाख रूपये की सामग्री क्रय का मामला, लीड कॉलेज बैढ़न पहुंची रीवा की जांच टीम

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 अगस्त। जिला खनिज प्रतिष्ठान से शासकीय महाविद्यालय बरका के लिए स्वीकृत 97.40 लाख रुपये में गड़बड़ी के आरोपों के बीच जांच ने अब रफ्तार पकड़ ली है। शिकायतों के बाद गठित जांच टीम सोमवार को मौके पर पहुंची और पूरे मामले की गहन पड़ताल शुरू कर दी। खास बात यह है कि 40 लाख रुपये की पहली किश्त जारी होने के बावजूद मौके पर संबंधित सामग्री उपलब्ध नहीं मिली, जिससे अनियमितता के आरोप और गहरा गए हैं।

सूत्रों के अनुसार जांच टीम ने कॉलेज परिसर में पहुंचकर करीब दो घंटे तक रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर और खरीद प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। टीम ने बिल-वाउचर, टेंडर प्रक्रिया और आपूर्ति से संबंधित अभिलेखों का मिलान करने की कोशिश की, लेकिन कई जरूरी दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नहीं कराए जा सके। इससे यह आशंका मजबूत हो रही है कि फंड के उपयोग में गंभीर लापरवाही या गड़बड़ी हुई है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि बिना सक्षम प्राधिकारी के आदेश के अग्रणी महाविद्यालय बैढ़न द्वारा खरीद प्रक्रिया संचालित की गई। यदि यह तथ्य जांच में सही पाया जाता है, तो यह वित्तीय नियमों का स्पष्ट उल्लंघन माना जाएगा। जांच के दौरान टीम को खेल सामग्री के गायब होने और किताबों की खरीद में गड़बड़ी के संकेत भी मिले हैं, जिससे मामला और संवेदनशील हो गया है।

पूर्व प्राचार्य एमयू सिद्दीकी पर शक गहराया

जांच में सामने आए तथ्यों ने पूर्व प्राचार्य एमयू सिद्दीकी की भूमिका को संदेह के घेरे में ला खड़ा किया है। महाविद्यालय को आहरण-संवितरण का अधिकार होने के बावजूद खरीद प्रक्रिया बाहरी स्तर से कराई गई, जो सीधे तौर पर नियमों पर सवाल उठाती है। जेम के बिड डाक्यूमेंट में रिपोर्टिंग अधिकारी के रूप में गुलाम मोहिउद्दीन का नाम दर्ज होना भी चौंकाने वाला है, जबकि उनकी पदस्थापना संजय गांधी महाविद्यालय में बताई जा रही है। यह विसंगति पूरे प्रकरण को और संदिग्ध बनाती है। दस्तावेजों की अनुपलब्धता और स्पष्ट जवाब न मिलने से आशंका गहराती जा रही है कि कहीं यह पूरा मामला सुनियोजित अनियमितताओं का परिणाम तो नहीं।

अब सबकी नजर जांच रिपोर्ट पर टिकी

सूत्रों के अनुसार जिन सामग्रियों की खरीद कागजों में दिखाई गई है, उनका भौतिक सत्यापन नहीं हो सका। इससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर स्वीकृत राशि का उपयोग किस तरह किया गया। जांच टीम ने कई अहम दस्तावेज अपने कब्जे में लेकर आगे की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि जब्त दस्तावेजों का बारीकी से परीक्षण किया जाएगा और आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से पूछतांछ की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल, इस पूरे मामले ने स्थानीय स्तर पर हलचल बढ़ा दी है और डीएमएफ फंड के उपयोग में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब सबकी नजर जांच रिपोर्ट पर टिकी है, जिससे यह साफ हो सकेगा कि यह सिर्फ लापरवाही का मामला है या फिर कोई बड़ा वित्तीय घोटाला।

सावन में झमाझम बारिश की दस्तक

अन्नदाताओं के चेहरों पर लौटी मुस्कान, नाले-नदियां उफान पर, छाते के सहारे स्कूल जा रहे बच्चे

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 अगस्त। सावन मास की शुरुआत के साथ ऊर्जाधानी सिंगरौली में रविवार की आधी रात से मौसम ने अचानक करवट ली। तेज बिजली की चमक और गरज के साथ शुरू हुई मूसलाधार बारिश सोमवार की सुबह तक रुक-रुककर जारी रही।

लगातार हुई वर्षा से जिले के कई छोटे-बड़े नाले और नदियां उफान पर पहुंच गईं। लंबे समय बाद हुई इस झमाझम बारिश ने उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत दिलाई, वहीं कई दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी। पिछले कुछ दिनों से पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण खरीफ फसलों में मुरझाने के शुरुआती लक्षण दिखाई देने लगे थे। धान, मक्का, ज्वार, उड़द तथा दलहनी-तिलहनी फसलों को लेकर किसान चिंतित थे। रविवार की रात से हुई लगातार बारिश ने खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचा दी, जिससे धान की रोपाई का कार्य भी तेज हो गया। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह बारिश होती रही तो फसलों को बड़ा लाभ मिलेगा और उत्पादन की उम्मीद मजबूत होगी।

सुबह से लगी रही सावन की झड़ी

सोमवार की सुबह का नजारा भी बदला-बदला नजर आया। लगातार बारिश के बीच बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे छाता लेकर स्कूल पहुंचे। इस बारिश के मौसम में पहली बार ऐसी स्थिति देखने को मिली, जब सुबह से ही लगातार वर्षा होने के कारण बच्चों को छाते का सहारा लेना पड़ा। अभिभावकों ने भी बच्चों को बारिश से बचाने के लिए पूरी तैयारी के साथ विद्यालय भेजा। लगातार बारिश के कारण कई छोटे-बड़े नाले और नदी-नाले उफान पर आ गए। निचले इलाकों और तराई बस्तियों में जलभराव की स्थिति बन गई, जबकि कुछ घरों में भी पानी घुसने की सूचना मिली। कई स्थानों पर आवागमन भी प्रभावित रहा। वहीं बारिश ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की भी पोल खोल दी। कई इलाकों में नालियां ओवरफ्लो हो गईं और उनमें जमा कचरा सड़कों पर फैल गया। जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से कई मार्गों पर पानी भर गया।

एक नजर में

एनआरसी बैढ़न में 10 बेड बढ़ाने के निर्देश

सिंगरौली। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सभी एनआरसी केंद्रों में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित की जाए तथा जिला मुख्यालय स्थित एनआरसी केंद्र में 10 अतिरिक्त बेड बढ़ाने की कार्रवाई की जाए। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें एनआरसी केंद्रों में भर्ती कराया जाए। कलेक्टर ने मोरवा विस्थापन के संबंध में निर्देश दिए कि विस्थापन से प्रभावित होने वाले विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्रसव केंद्रों का सूचीकरण कर उनके पुनर्स्थापन के लिए उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन कर प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

सिंगरौली। म.प्र. पटवारी संघ के आह्वान पर सरई तहसील के पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। पटवारी संघ सिंगरौली के जिलाध्यक्ष प्रभाकर सिंह चौहान ने बताया कि पॉच सूत्रीय मांग को लेकर पहले भी ज्ञापन दिया गया था। मांगे पूरी न होने पर पटवारियों ने अपने सभी राजस्व अभिलेख तहसील कार्यालय में जमा कर काम बंद कर दिया। संघ का कहना है जब तक भोपाल में मांगें पूरी नहीं होतीं, हड़ताल जारी रहेगी। इससे तहसील के राजस्व कामकाज प्रभावित होने की संभावना है।

शिविर लगाकर समस्याओं का किया गया निराकरण

सिंगरौली। ननि के वार्ड क्रमांक 18 सुदर्शन नगर में नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर स्थानीय पार्षद अखिलेश सिंह के विशेष प्रयासों से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य वार्डवासियों की समग्र आईडी से जुड़ी समस्याओं और अन्य स्थानीय प्रशासनिक मुद्दों का मौके पर ही समाधान करना था। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे वार्डवासियों ने अपनी-अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। इस अवसर पर पार्षद अखिलेश सिंह ने कहा वार्ड के नागरिकों की हर समस्या का समाधान करना और उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है।

शिविर में 50 से अधिक हितग्राहियों ने किया आवेदन



सिंगरौली। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत शहरी रेहड़ी-पटरी एवं फुटपाथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम सिंगरौली द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। ननि आयुक्त सविता प्रधान के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने योजना के प्रति रुचि दिखाई तथा आवेदन प्रस्तुत किए। एनयूएलएम के नोडल अधिकारी अक्षत उपाध्याय ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों के रेहड़ी-पटरी एवं फुटपाथ विक्रेताओं को बिना किसी गारंटी के कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

विशेषज्ञ उपचार से मिल सकता है संतान सुख : डॉ. बीना मिश्रा

स्त्री रोग एवं बांझपन उपचार विषय पर कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 अगस्त। शहर के एक निजी होटल में प्रथम आईवीएफ टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के तत्वाधान में स्त्री रोग एवं बांझपन उपचार विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एवं संस्था की संचालिका, विंध्य क्षेत्र की सुप्रसिद्ध स्त्री रोग एवं बांझपन विशेषज्ञ डॉ. बीना मिश्रा ने चिकित्सकों को आईवीएफ इन विट्रो फर्टिलाइजेशन और आईयूआई इंट्रा यूटेराइन इनसेमिनेशन जैसी आधुनिक उपचार पद्धतियों में हुए नवीनतम अपडेट की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने शासन द्वारा जारी नई गाइडलाइन पर भी विस्तार से चर्चा की। डॉ. मिश्रा ने बताया कि उनका संस्थान पिछले 10 वर्षों से रीवा एवं सीधी में संचालित विंध्य क्षेत्र का प्रथम मान्यता प्राप्त नि:संतानता एवं बांझपन उपचार केंद्र है। इस दौरान रीवा, सीधी, सतना, मैहर, कटनी, शहडोल, सिंगरौली, पन्ना और चित्रकूट सहित विभिन्न जिलों से आए एक हजार से अधिक नि:संतान दंपतियों को सफल उपचार के माध्यम से संतान सुख प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के कारण अब बांझपन का प्रभावी उपचार संभव हो गया है। समय पर जांच, सही परामर्श और विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उपचार से सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है। कार्यशाला का उद्देश्य क्षेत्र के स्त्री रोग विशेषज्ञों को नवीनतम तकनीकों एवं उपचार संबंधी मानकों से अवगत कराना था, ताकि मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। कार्यक्रम में बैढ़न-सिंगरौली तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सकों ने भाग लिया। उपस्थित चिकित्सकों ने आधुनिक प्रजनन तकनीकों, उपचार प्रक्रिया और मरीजों की काउंसलिंग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने अनुभव साझा किए तथा विशेषज्ञों से तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

चौरा टोला मार्ग में अमृत जल योजना का पानी हो रहा बर्बाद

कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, नगर निगम की लापरवाही से बढ़ी परेशानी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 अगस्त। नपानि सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 41 स्थित गनियारी चौरा टोला मार्ग कैलाश कॉलोनी तिराहा के पास अमृत नल-जल योजना की लापरवाही अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है।

क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से रोजाना सैकड़ों लीटर पेयजल सड़क पर बह रहा है। लगातार बहते पानी से सड़क की परत उखड़ चुकी है और पूरा मार्ग गड्ढों व कीचड़ में तब्दील हो गया है। हालात ऐसे हैं कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, जबकि दोपहिया वाहन चालक फिसलकर दुर्घटना का शिकार होने के खतरे के बीच आवागमन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या एक-दो दिन की नहीं, बल्कि कई महीनों से बनी हुई है। जलापूर्ति शुरू होते ही पाइपलाइन से पानी सड़क पर फैल जाता है, जिससे सड़क लगातार कमजोर होती जा रही है। पानी के बहाव के कारण सड़क जगह-जगह धंस गई है और गहरे गड्ढे बन गए हैं। इसका खामियाजा रोजाना राहगीरों, स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। रहवासियों का आरोप है कि अमृत नल-जल योजना के तहत पानी की बर्बादी केवल इसी स्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी बस्ती में कई जगह पाइपलाइन से पानी रिस रहा है और सैकड़ों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत कर पेयजल की बर्बादी रोकी जाए और सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों शुरू

सिंगरौली 3 अगस्त (एनबीएन)। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह के सफल आयोजन के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित होगा।

श्रावण के प्रथम सोमवार को शिवालयों में उमड़ी आस्था

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 अगस्त। श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धा और आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप एवं हवन-पूजन में जुटे रहे।

रिमझिम बारिश के बीच मंदिर परिसर हर-हर महादेव और ऑम नम: शिवाय के जयघोष से गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और विश्व कल्याण की कामना की। बैढ़न स्थित शिवधाम मंदिर में श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। यहां मंदिर के प्रधान पुजारी एवं ज्योतिषाचार्य पं. डॉ. एनपी मिश्र, जो शिवधाम मंदिर के महाप्रबंधक भी हैं, के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और हवन संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने जल, दुग्ध, बेलपत्र, धतूरा, भस्म और अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर विधि-विधान से अभिषेक किया।

दतिया विस उपचुनाव के जीत पर कांग्रेसियों में हर्ष

सिंगरौली 3 अगस्त (एनबीएन)। दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह की प्रचंड जीत पर सोमवार को जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित अंबेडकर चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जीत का जश्न मनाया। डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

निदेशक ने एनटीपीसी सिंगरौली का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

शक्तिनगर 3 अगस्त। एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक परियोजनाएँ केएस सुंदरम ने एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना का दौरा कर निर्माणाधीन एवं विकास कार्यों की प्रगति का व्यापक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने परियोजना परिसर में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्ध निष्पादन, सुरक्षा मानकों तथा परियोजना प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की। अपने प्रवास के दौरान सुंदरम ने परियोजना परिसर में स्थापित नवीन सुरक्षा नियंत्रण कक्ष का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने स्टेज-3 परियोजना, एफजीडी क्षेत्र, विभिन्न निर्माणाधीन स्थलों एवं संयंत्र की प्रमुख इकाइयों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। दौरे के क्रम में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निदेशक परियोजनाएँ ने स्टेज-3 परियोजना सहित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति, संसाधन प्रबंधन, परियोजना नियोजन, गुणवत्ता नियंत्रण तथा सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

शपथ आयुक्त के खिलाफ सनातन रक्षा मंच का ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 अगस्त। सनातन रक्षा मंच, सिंगरौली ने सोमवार को स्टांप कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ता एवं शपथ आयुक्त पारसनाथ शाह के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 28 जुलाई को कथित अंतरधार्मिक विवाह प्रकरण में एक नाबालिग युवती का शपथ पत्र बिना आवश्यक जांच के सत्यापित किया गया। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि विरोध के दौरान संबंधित शपथ पत्र को सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया गया, जिसे संगठन ने नियमों के विरुद्ध बताया है। सनातन रक्षा मंच ने ज्ञापन में मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो शपथ आयुक्त के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उनका पद निरस्त करने के लिए विधि विभाग को प्रस्ताव भेजा जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर वह आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

सर्वर ठप, खाद के लिए भटके किसान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 अगस्त। जिले के कचनी खाद गोदाम में रविवार को सर्वर ठप होने से खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। खाद लेने पहुंचे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा, लेकिन तकनीकी समस्या दूर नहीं होने से कई किसानों को बिना खाद लिए ही वापस लौटना पड़ा। इससे किसानों में नाराजगी देखी गई।

किसानों ने बताया कि खरीफ सीजन के दौरान फसलों के लिए समय पर खाद उपलब्ध होना बेहद जरूरी है, लेकिन सर्वर बंद होने के कारण वितरण कार्य बाधित रहा। कई किसान सुबह से ही गोदाम पहुंच गए थे, फिर भी उन्हें बार-बार सहकारी समिति के चक्कर लगाने पड़े। किसानों का कहना है कि तकनीकी खामियों का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से सर्वर की समस्या का शीघ्र समाधान कर नियमित खाद वितरण सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

पीएम आवास के किस्त के लिए भटक रहा हितग्राही

सिंगरौली 3 अगस्त (एनबीएन)। जपं देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत गीड़ा में पीएम आवास योजना के क्रियान्वयन को लेकर ग्रामीणों ने अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। ग्रामीण विद्यासागर यादव का कहना है कि लगभग तीन वर्ष पूर्व स्वीकृत उनका पीएम आवास आज भी छत विहीन है, जिससे उन्हें योजना का पूरा लाभ नहीं मिल सका।

पौधों के नियमित संरक्षण एवं रख-रखाव पर ध्यान दें : सविता

नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 3 अगस्त। नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान ने निगम कार्यालय में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विकास एवं जनहितकारी कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त ने वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य आगामी 15 दिनों के भीतर हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने पौधों के नियमित संरक्षण एवं रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि अधिकतम पौधे जीवित रह सके और अभियान के उद्देश्य सफल हों।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने 50 एवं 100 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण एवं नगर क्षेत्र में पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से आयुक्त ने सभी वार्डों में नियमित रूप से जल नमूने लेकर उनकी जांच कराने को कहा। बैठक में उपायुक्त आरपी बैस, स्वास्थ्य अधिकारी बीजी चतुर्वेदी, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।